राजभाषा अनुभाग, मानव संसाधन प्रबंधन विभाग, प्रधान कार्यालय, बेंगलूरू

प्रधान कार्यालय में राजभाषा प्रतिनिधियों की वार्षिक बैठक

21 फरवरी, 2022

दिनांक 21 फरवरी, 2022 को प्रधान कार्यालय के सभी विभागों के कार्यपालक और अधिकारी संवर्ग के लिए राजभाषा प्रतिनिधियों की वार्षिक बैठक श्री शंकर एस, मुख्य महा प्रबंधक, मानव संसाधन विभाग की अध्यक्षता में मुख्य सम्मेलन कक्ष, प्रधान कार्यालय में सफलतापूर्वक आयोजित की गई । उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हिंदी हमारी राजभाषा होने के कारण हमें हिंदी में कार्य करना चाहिए, ताकि हमें राजभाषा कार्यान्वयन में भी कीर्ति पुरस्कार प्राप्त हो। राजभाषा अनुभाग ने राजभाषा कार्यान्वयन में नए- नए कदम उठाए है, जैसे सीबीएस में हिंदी लाना, वेतनपर्ची हिंदी में उपलब्ध कराना, केनराज्योति के लिए कीर्ति पुरस्कार हासिल करना आदि। बैंक में राजभाषा के सफल कार्यान्वयन में हिंदी प्रतिनिधियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। बैंकिंग के परिदृश्य में जनता की भाषा में काम करना बेहतर ग्राहक सेवा का हिस्सा है और समय की मांग भी।बैंकिंग क्षेत्र में हिन्दी और भारतीय भाषाओं के प्रयोग से आम जनता में बैंकों के प्रति विश्वास बढ़ेगा।

श्री एच एम बसवराज, उप महाप्रबंधक, मानव संसाधन विभाग ने हिंदी प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए राजभाषा नीति, अधिनियम एवं नियम पर विस्तार से चर्चा की और उन्हें राजभाषा पुरस्कार योजना की जानकारी देते हुए दैनंदिन कार्यों में अधिक से अधिक हिंदी का प्रयोग करने हेतु प्रोत्साहित किया। इसके बाद विभागवार तिमाही प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की गई। हिंदी प्रतिनिधियों के लिए राजभाषा पर "लिखित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता" आयोजित की गई। विजयी प्रतियोगियों को पुरस्कृत किया गया।

स्वागत संबोधन श्री बिबिन वर्गीस, वरिष्ठ प्रबंधक ने दिया। राजभाषा तकनीक पर श्री डी बालाकृष्णा, प्रबंधक ने प्रस्तुति दी। बैठक का संचालन श्रीमती शिवानी तिवारी, प्रबंधक ने किया।

कार्यक्रम की कुछ झलकियां

ಕೆನರಾ ಬ್ಯಾಂಕ್ केनरा बैंक Canara Bank

ಸಿಂಡಿಕೇಟ್ सिंडिकेट Syndicate



Together we can

Together we can

Together we can